नर्सरी प्रयोगशाला में नए सत्र की शुरुआत

07 जुलाई 2025, महाराणा प्रताप कृषि एवम प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय ,उदयपुर के संघटक समुदाय एवम व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय के मानव विकास एवम पारिवारिक अधययन विभाग में चलने वाली प्रयोगिक नर्सरी स्कूल का नया सत्र 07 जुलाई 2025 को आरम्भ हुआ।

सत्र को आरम्भ में सभी अभिभावकों तथा नये छात्रों का विधिवत स्वागत नर्सरी स्कूल की टीचर्स तथा विभागाध्यक्ष द्वारा किया गया। इसके पश्चात अभिभावकों के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम के आरम्भ में महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. धृति सोलंकी ने अभिभावकों को बताया कि नई शिक्षा नीति पर आधारित बच्चों के सर्वांगींण विकास के लिए नर्सरी में कार्यक्रम चलाया जाता है जिसमें खेल आधारित शिक्षण की गतिविधियो के माध्यम से बच्चों को सिखाया जाता हैं |

विभागाध्यक्ष डा. सुमन औदिच्य ने इस परिचय कार्यक्रम में सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए अभिभावकों को इस स्कूल में चलाए जाने वाले कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में नर्सरी स्कूल में वर्षपर्यन्त चलने वाले सभी कार्यक्रमों से अभिभावकों को अवगत कराया गया ।

उन्होंने कहा कि बच्चा जब पहली बार घर के वातावरण को छोड़ कर नये वातावरण में जाता है तो यह उसके समायोजन का समय होता है, जिसमें बच्चे के साथ अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं इस अवसर पर विभाग द्वारा तैयार की गयी नर्सरी बुकलेट का विमोचन भी किया गया।

इस कार्यक्रम में नर्सरी स्कूल में वर्षपर्यन्त चलने वाले सभी कार्यक्रमों से अभिभावकों को अवगत कराया गया ।

SESSION 2025-26
WEL COME
ECCD LAB
* FIRST DAY NURSERY SLOGANS FOR KIDS *
"SMILES, SONGS, AND LOTS OF PLAY
I'AM READY FOR MY FIRST DAY"!

EARLY CHILDHOOD CARE & DEVELOPMENT LAB
DEPARTMENT OF HUMAN DEVELOPMENT & FAMILY STUDIES
KIDS LIBRARY

LABORATORY NURSERY SCHOOL

Early Childhood Care and Development Laboratory

DIRECTIONS
LISTEN WHEN OTHERS TALK

SESSION 2025-26

Early Childhood Care and Development Laboratory